कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय
ऑफिस कामप्लेक्स, बी–ब्लाक गौतम नगर भोपाल
Ph : 0755-2583632, Fax: 0755-2583631, E-mail: dagebho@mp.gov.in

क्रमांक / तक. / डी.बी.टी. / 2021–22 / 956 भोपाल, दिनांक 12 / 04 / 2022

प्रति,

निर्माता

....

......................(समस्त)

विषयः– ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल अंतर्गत पंजीकृत निर्माताओं के अवधि 1 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि हेतु पंजीयन नवीनीकरण के संबंध में।

संदर्भः– संचालनालय का पत्र क्रमांक / तक. / डी.बी.टी. / 2021–22 / 768 भोपाल,दिनांक 21 / 03 / 2022

विषयांतर्गत लेख है कि वर्ष 2017–18 में ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल का प्रारंभ कृषकों को सीधे अनुदान का लाभ प्रदाय करने हेतु किया गया था। पोर्टल के निर्देशों अंतर्गत ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर सम्मिलित निर्माताओं को प्रत्येक 4 वर्ष बाद उनके पंजीयन को पुनः नवीनीकरण करने हेतु निर्देश है जिससे इस अवधि में निर्माताओं की आधारभूत जानकारियों में आये परिवर्तनों को ई–कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल में भी दर्ज किया जा सके। सभी पंजीकृत निर्माताओं का पंजीयन 31 मार्च 2022 तक वैध है एवं आप सभी को पोर्टल पर अपना पंजीयन पुनः नवीनीकृत करना आवश्यक है। संदर्भित पत्र के माध्यम से पंजीयन का नवीनीकृत करने की कार्यवाही दिनांक 15.04.2022 तक निश्चित की गई थी परंतु दिनांक 14.04.2022 एवं 15.04.2022 को शासकीय अवकाश होने के कारण से इस अवधि को पुनः 22.04.2022 तक बढाया जाता है।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 22.04.2022 तक अपने पंजीयन को नवीनीकृत करने की कार्यवाही पूर्ण करें।

पुनः उल्लेखित करना उचित होगा कि उक्त पंजीयन संचालनालय में पंजीकृत सभी निर्माताओं को 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2026 की अवधि हेतु नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है अतः इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने का कष्ट करें।

संचालक, कृषि अभियांत्रिकी
म.प्र. भोपाल